साँवरिया सरकार मेरा करता वारे न्यारे

खाटू आके श्याम का, जो दीदार करे प्यारे,
लखदातारी यार मेरा, करता वारे न्यारे,
साँवरिया सरकार मेरा, करता वारे न्यारे॥

श्याम शरण में जो भी आता,
बिन मांगे सब खुशियां पाता,
चौखट पे इनकी जो भी झुक जाता प्यारे,
लखदातारी यार मेरा, करता वारे न्यारे,
साँवरिया सरकार मेरा, करता वारे न्यारे॥

श्याम से नजरे जो भी मिलाता,
श्याम धनी का वो हो जाता,
सच्चे दिल से जो भी पुकार करे प्यारे,
लखदातारी यार मेरा, करता वारे न्यारे,
साँवरिया सरकार मेरा, करता वारे न्यारे॥

श्याम से जो भी दिल को लगता,
श्याम धनी उसका हो जाता,
दीपक प्रेम से जो भी इजहार करे प्यारे,
लखदातारी यार मेरा, करता वारे न्यारे,
साँवरिया सरकार मेरा, करता वारे न्यारे॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24291/title/sanwariya-sarkar-mera-karta-ware-nyare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |